निर्देश | मानहानि के प्रकरण में भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट ने जारी किया था समन

# राहुल की व्यक्तिगत उपस्थित पर फैसला आज



**जबलपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि में प्रकरण के प्रकरण में भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए समन जारी किये थे। राहुल गांधी की तरफ से व्यक्तिगत उपस्थित की छूट की मांग करते हुए राहुल गांधी ने हाईकोर्ट में आवेदन प्रस्तुत किया था। हाईकोर्ट जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ ने आवेदन पर बुधवार को सुनवाई के निर्देश जारी किये है।

गौरतलब है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान ने भोपाल की एमपी-एमएलए कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का परिवाद दायर किया था। जिसमें कहा गया था कि वर्ष 2018 में झाबुआ की एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने कथित तौर पर पनामा पेपर्स लीक प्रकरण का उल्लेख करते हुए आवेदक का नाम लिया था, जिससे उनकी प्रतिष्ठा को क्षति पहुंची। एमपी-एमएलए कोर्ट ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए राहुल गांधी को व्यक्तिगत उपस्थिति के लिए समन जारी किये थे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मानहानि के प्रकरण तथा न्यायालय द्वारा जारी समन के खिलाफ हाईकोर्ट की षरण्ली थी। हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता को अधीनस्थ कोर्ट का रिकॉर्ड पेश करने निर्देश जारी किये थे। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान उनकी तरफ से अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड हाई कोर्ट के समक्ष पेश किया गया। इसके अलावा एमपी-एमएलए कोर्ट में 25 जून को सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत उपस्थिति की छूट प्रदान करने आवेदन दायर किया गया। एकलपीठ ने आवेदन पर बुधवार 24 जून को सुनवाई करने के निर्देश जारी किये है।

## बिना सुनवाई रिसॉर्ट सील करना पड़ा भारी, तत्काल खोलने के आदेश

मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने सुनवाई का अवसर दिए बिना सील किए गए एक रिसॉर्ट-कम-रेस्टोरेंट को तत्काल प्रभाव से डी-सील करने के आदेश दिए हैं। एकलपीठ ने अंतरिम राहत प्रदान करते हुए कहा कि फिलहाल राज्य सरकार यह दर्शाने में असफल रही है कि कार्रवाई से पहले याचिकाकर्ता को सुनवाई का अवसर दिया गया था।दरअसल सतपुड़ा हास्पिटैलिटी साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय के. अग्रवाल ने दलील दी कि प्रशासन ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों की अनदेखी करते हुए रिसॉर्ट-कम-रेस्टोरेंट को सील कर दिया। राज्य शासन की ओर से शासकीय अधिवक्ता अजय ओझा ने अवगत कराया कि निरीक्षण के दौरान अग्नि सुरक्षा संबंधी कमियां तथा स्वीकृत अनुमति से अधिक निर्माण पाए जाने पर रिसार्ट को सील किया गया था।हालांकि राज्य की ओर से ऐसा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका, जिससे यह स्पष्ट हो कि कार्रवाई से पूर्व याचिकाकर्ता को नोटिस या सुनवाई का अवसर दिया गया था। हाईकोर्ट ने प्रथम दृष्टया याचिकाकर्ता का पक्ष उचित मानते हुए संबंधित अधिकारियों को रिसॉर्ट-कम-रेस्टोरेंट तत्काल डी.सील करने का निर्देश दिया। साथ ही राज्य शासन को जवाब प्रस्तुत करने के लिए दो सप्ताह का समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई नियत कर दी।

## यथास्थिति आदेश के बावजूद जारी राजस्व आदेशों पर रोक

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने भूमि विवाद से जुड़े मामले में राजस्व अधिकारियों द्वारा पारित आदेशों के क्रियान्वयन पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत याचिका में बैतूल निवासी मूलचंद ने निचली अदालतों के उन आदेशों को चुनौती दी है, जो एक ही खसरा नंबर की भूमि से संबंधित बताए गए हैं।

याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि संबंधित भूमि को लेकर वर्ष 2018 की एक रिट याचिका में हाईकोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। साथ ही वर्ष 2019 में दायर द्वितीय अपील भी लंबित है, जिसमें निचली अदालतों का रिकॉर्ड तलब किया जा चुका है। इसके बावजूद अधिकारियों ने विवादित आदेश पारित कर दिए। राज्य शासन की ओर से प्रस्तुत आपत्तियों के बाद न्यायालय ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही अंतरिम राहत देते हुए कहा कि अगली सुनवाई तक अधिकारी चुनौती दिए गए आदेशों के क्रियान्वयन पर जोर नहीं देंगे।

# शाम को रिमझिम फुहारों से भीगा शहर

### ठंडी हवाओं ने घोली सिहरन



**नवभारत, जबलपुर।** मानसून की दस्तक के पहले ही चुभती गर्मी और उमस से बेहाल शहरवासियों को मौसम के बदले मिजाज ने राहत दी है।

शहर में मंगलवार सुबह से ही आसमान में बादलों और सूरज के बीच आंख मिचौली का दौर चलता रहा। कभी कड़क धूप तो कभी छांव का दौरा चला। जैसे ही दिन ढला और शाम ने दस्तक दी, ठंडी हवाओं के झोंकों के साथ घने काले बादलों ने आसमान डेरा डाल लिया। देखते ही देखते शहर रिमझिम बारिश की बूंदों से भीगने लगा। ठंडी हवाओं ने ढलती शाम को खुशनुमा बना दिया। रिमझिम फुहारों के बीच लोगों ने गर्म-गर्म चाय का भी जमकर आनंद लिया।


## ऑरेंज अलर्ट : 60 किमी की रफ्तार से चलेंगी हवाएं


मध्य प्रदेश में मानसून की दो से तीन दिन में एंट्री होने की संभावना है। अरब सागर, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा और बिहार को पूरी तरह कवर करने के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून अब मध्य प्रदेश की सीमाओं में तेजी से आगे बढ़ रहा है। अगले 48 से 96 घंटों के भीतर पूरे मध्य प्रदेश में मानसून की दस्तक हो सकती है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने जब लपुर समेत सिहोर, सागर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 50 से 60 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार स हवाएं चलने और वज्रपात की आशंका जाहिर की गई है।

## ऐसा रहा तापमान

मंगलवार को अधिकतम तापमान 35.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 59 और शाम को 86 प्रतिशत दर्ज किया गया। पश्चिमी हवाएं 6 से 7 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली।

# कपड़ा दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग





**नवभारत, जबलपुर।** बड़ा फुहारा में मंगलवार दोपहर एक कपड़ा दुकान में अचानक मीटर बोर्ड में जोरदार शॉर्ट सर्किट होने के बाद आग भड़क उठी। घटना की सूचना तत्काल नगर निगम दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार, बड़ा फुहारा में अंकुश जैन का न्यू दिगंबर डिजाइन नाम से रेडीमेड कपड़ों का स्टोर है। दोपहर करीब 2 बजे दुकान के बिजली मीटर बोर्ड से अचानक चिंगारियां उठने लगीं और शॉर्ट सर्किट के बाद देखते ही देखते आग भड़क गई। कुछ ही मिनटों में पूरी दुकान काले धुएं से भर गई। घने बाजार में धुआं उठता देख आसपास के व्यापारियों और राहगीरों में अफरा-तफरी जैसी स्थिति निर्मित हो गई। मामले की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गठ। घने और संकरे बाजार की चुनौती के बावजूद फायर ब्रिगेड की टीम बिना वक्त गंवाए त्वरित गति से मौके पर पहुंची। फायर फाइटर्स ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए कुछ ही समय में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। राहत की बात यह रही कि समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। शुरुआती जांच में आग का कारण मीटर बोर्ड में शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

# छापा : तीन आदान विक्रेताओं को नोटिस

### नियमों का उल्लंघन गड़बड़ियां मिलीं



**नवभारत, जबलपुर।** कृषि अधिकारियों ने बुधवार को विकासखंड कुण्डम के अंतर्गत हरिओम कृषि केन्द्र, अमूल्य कृषि केन्द्र, दिनेश ट्रेडर्स, किसान कृषि सेवा केंद्र, गुप्ता कीटनाशक भण्डार में छापेमार कर दी। खरीफ फसलों धान एवं मक्का के बीजों के नमूने गुणवत्ता परीक्षण के लिए संग्रहित किये।

नियमों का उल्लंघन, गड़बड़ियां मिलने पर तीन आदान विक्रेताओं को नोटिस भी जारी किए गए। उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने बताया कि अनुविभागीय कृषि अधिकारी प्रतिभा सिंह गौर के नेतृत्व में किये गये निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ कृषि आदान प्रतिष्ठानों द्वारा ऐसे उर्वरक एवं बीजों का विक्रय का किया जा रहा था जिनका प्रिंसिपल सर्टिफिकेट संबंधित लाइसेंस में दर्ज नहीं था, जो कि नियमों का उल्लंघन है। इन अनियमितताओं के कारण कल्याण कृषि केंद्र, वेद कृषि केंद्र एवं राघव कृषि केंद्र को कारण बताओ नोटिस जारी कर उन्हें निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। निरीक्षण दल में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कुण्डम एल पी उइके, कृषि विस्तार अधिकारी डॉ सनी ठाकुर तथा प्रांजलि वर्मा भी शामिल रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से सुरक्षा गार्ड की मौत, वाहन चालक फरार

### गौर नदी ब्रिज पर हादसा

**नवभारत, जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत गौर बाईपास पर आज गौर नदी ब्रिज पर ड्यूटी कर रहे एक सुरक्षा गार्ड को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, झंडू कंस्ट्रक्शन कंपनी में कार्यरत सुपरवाइजर प्रदीप सिंह तोमर 32 वर्ष, निवासी ग्राम कडर, जिला मुरैना ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बीएस 4 कंपनी का सुरक्षा गार्ड राहुल काछी (25) निवासी कछोवा, जिला दमोह का बरेला बाईपास ब्रिज पर गौर नदी के पास ड्यूटी पर तैनात था। आज ड्यूटी के दौरान ही किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी दी जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है। गौर बाईपास और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# यात्री अब एटीवीएम से यूपीआई द्वारा स्वयं निकाल सकेंगे टिकट

**जबलपुर, नवभारत।** यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल द्वारा ऑटोमैटिक टिकट वेंडिंग मशीन के माध्यम से टिकट निकालने की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं सहज बनाया गया है। अब यात्री बिना किसी स्मार्ट कार्ड के, केवल मोबाइल भुगतान के माध्यम से स्वयं अपना टिकट निकाल सकते हैं। रेलवे प्रशासन का उद्देश्य यात्रियों को डिजिटल माध्यम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना, टिकट काउंटरों पर भीड़ कम करना तथा समय की बचत सुनिश्चित करना है। मशीनों के माध्यम से अनारक्षित टिकट अब कुछ ही मिनटों में आसानी से प्राप्त किए जा सकते हैं। एटीवीएम से टिकट निकालने यात्री एटीवीएम स्क्रीन पर उपलब्ध अन्य स्टेशन विकल्प पर क्लिक कर कीबोर्ड के माध्यम से स्टेशन का नाम टाइप करें एवं स्टेशन का चयन करने के बाद यात्रा का विवरण भरें एवं भुगतान विकल्प पर क्लिक करें जिसके बाद स्क्रीन पर प्रदर्शित क्यूआर कोड को स्कैन कर क्क्षु के माध्यम से भुगतान कर सकते है।

# अतिक्रमण अमले ने जर्जर भवन को गिराया



**जबलपुर।** नगर निगम अतिक्रमण टीम ने संभाग क्रमांक 10 के अंतर्गत आने वाले लाला लाजपतराय वार्ड में नाले के किनारे स्थित एक अत्यंत जर्जर और खतरनाक हो चुके भवन को सुरक्षित रूप से हटाया।

विदित हो कि मानसून के समय अत्यधिक जर्जर स्थिति के कारण ऐसे भवनों से हमेशा किसी अप्रिय घटना या जनहानि का अंदेशा बना रहता है। नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए निगमायुक्त के आदेश पर नगर निगम की टीम ने तुरंत कार्यवाही की। इस त्वरित कार्यवाही से न केवल आस-पास के रहवासियों ने राहत की सांस ली है, बल्कि संभावित हादसे का खतरा भी पूरी तरह टल गया है।

कार्यवाही के समय बी.सी.एम.ओ. जागेन्द्र सिंह, उपयंत्री यशवंत सोनी, टी.के. विवेक एवं उदय प्रधान सहित अतिक्रमण निरोधक विभाग का दस्ता उपस्थित रहा।

# जिला बार चुनाव का बजा बिगुल, जीएस ठाकुर निर्वाचन अधिकारी

### प्रारंभिक मतदाता सूची जारी, एक जुलाई तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जबलपुर।** जिला अधिवक्ता संघ की नवीन कार्यकारिणी के लिये होने वाले चुनाव का बिगुल बज उठा है। मंगलवार को हुई अधिवक्ता संघ जबलपुर की कार्यकारिणी बैठक में पारित निर्णय के अनुसार वर्ष 2026-28 के चुनाव संपन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता जीएस ठाकुर को मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। संघ के अध्यक्ष मनीष मिश्रा व सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 23 जून को प्रारंभिक मतदाता सूची जारी कर सूचना पटल पर चस्पा की गई है। अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए सूची वाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों से भी साझा की गई है। मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की गई है। इच्छुक अधिवक्ता एक जुलाई 2026 को शाम पांच बजे तक लिखित आपत्ति संघ कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त होने वाली आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। मुख्य चुनाव अधिकारी जीएस ठाकुर आपत्तियों का निराकरण कर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित करेंगे। चुनाव संघ के संशोधित संविधान के अनुसार कराए जाएंगे। बैठक में पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

## एसबीसी चुनाव : भोपाल-बुरहानपुर की मतगणना पूरी

मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन-2026 की मतगणना पूर्ण पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ जारी है। निर्वाचन प्रक्रिया के तहत 22 जून को शुरू हुई भोपाल जिले की मतपेटियों की गिनती मंगलवार को पूरी कर ली गई। इसके साथ ही बुरहानपुर जिले की मतपेटियों की मतगणना भी संपन्न हो गई। अब तक हुई मतगणना के आधार पर पांच प्रत्याशी बढ़त बनाए हुए हैं। इनमें राजेश व्यास, डॉ. विजय कुमार चौधरी, डॉ. पीसी कोठारी, महेश कुमार मौर्य और मोहम्मद महबूब अंसारी प्रमुख हैं। शुरुआती रुझानों में इन प्रत्याशियों को अधिवक्ता समुदाय का उल्लेखनीय समर्थन मिलता दिखाई दे रहा है। निर्वाचन प्राधिकरण के अनुसार अब तक कुल 8,791 मतों की गणना की जा चुकी है। इनमें 8,415 मतपत्र वैध पाए गए हैं, जबकि 376 मतपत्र निरस्त घोषित किए गए।

# जल संकट पर रांझी में ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन



**नवभारत, जबलपुर।** रांझी क्षेत्र में कई दिनों से गंभीर पेयजल संकट और टैंकरों से पानी वितरण में पक्षपात के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी खमरिया के नेतृत्व में जल शोधन संयंत्र पर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में जुटकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और नियमित व समान जलापूर्ति की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि जनता भीषण जल संकट से जूझ रही है, जबकि टैंकर माफिया चुनिंदा लोगों तक पानी पहुंचाकर अन्याय कर रहे हैं। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रांझी खमरिया के अध्यक्ष आशुतोष वत्स ने कहा कि पानी नागरिक का मौलिक अधिकार है और समस्या का स्थायी समाधान न होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। प्रदर्शन के बाद नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर नियमित आपूर्ति, टैंकर वितरण में पारदर्शिता और नागरिकों को तत्काल राहत देने की मांग की गई। इस कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष वत्स, पूर्व पार्षद राजेश यादव, महासचिव रविंद कुशवाहा, जग्गू विश्वकर्मा, नेम सिंह, निर्मल चंद जैन, राजेंद्र मिश्रा, संजू ठाकुर, रमेश मोहित, पप्पी दुबे, राजू कनौजिय स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ढाबा में कर्मचारी की संदिग्ध मौत

**नवभारत, जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत लम्हेटा वायपास स्थित आलीशन ढाबा में एक कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है। विस्तृत जांच के बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

पुलिस के मुताबिक सतीश कुकरेजा 62 वर्ष निवासी कालीमठ मंदिर आमनपुर मदनमहल का लम्हेटा वायपास स्थित आलीशन ढाबा का संचालक है रामप्रकाश उसके यहां लगभग 10 वर्ष से काम कर रहा था और ढाबा में ही रहता था। रामप्रकाश की ड्यूटी शाम लगभग 7 से रात 2 बजे तक थी जिसके बाद रामप्रकाश खाना खाकर ढाबा के कमरे में सो गया था। शाम लगभग 7 बजे सतीश ने रामप्रकाश को उठाया जो नहीं उठा, ढाबा में काम करने वाले सचिन एवं पूनम के साथ मेडिकल कॉलेज आटो से लेकर गये डाक्टर ने चैक कर रामप्रकाश दाहिया 62 वर्ष निवासी नई बस्ती कांचघर घमापुर को मृत घोषित कर दिया।






जायजा | कलेक्टर, एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा

# वीरांगना को नमन करने आएंगे सीएम



**जबलपुर।** वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर 24 जून को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर मंगलवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने बरगी बांध रोड स्थित ग्राम नर्रई में रानी दुर्गावती समाधि स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने समाधि स्थल एवं प्रतिमा स्थल के आसपास साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परिसर में स्वच्छता एवं व्यवस्थाओं को समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर एवं एसपी ने समाधि स्थल पर आयोजित होने वाले मंचीय कार्यक्रम की तैयारियों का भी जायजा लिया। इस दौरान मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था तथा संभावित वर्षा को ध्यान में रखते हुए आगंतुकों एवं आमजन की सुविधा के लिए पर्याप्त एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत, एडीएम आरआर राय, एसडीएम अभिषेक सिंह, संयुक्त कलेक्टर एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्यविभाग पुष्पेंद्र अहाके, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री अंजना तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हेलीपैड का भी किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रवास को दृष्टिगत रखते हुए समाधि रोड स्थित बने हेलीपैड का भी कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

## केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके का होगा आगमन



**जबलपुर।** केंद्र शासन के जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके का बुधवार को सुबह 8.25 बजे वायुयान द्वारा नई दिल्ली से जबलपुर आगमन होगा। श्री उइके यहां सर्किट हाउस में रुकेंगे तथा सुबह 10 बजे कार द्वारा दमोह जिले के सिंग्रामपुर प्रस्थान करेंगे। सिंग्रामपुर में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री उइके शाम 5.30 बजे वापस सर्किट हाउस जबलपुर आयेंगे तथा शाम 7 बजे डुमना एयरपोर्ट से वायुयान द्वारा नई दिल्ली प्रस्थान करेंगे।









स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्राईवेट लिमिटेड हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से प्रकाशित एवं नेपियर टाऊन बस स्टैण्ड जबलपुर से मुद्रित. स्थानीय संपादक अविनाश दीक्षित*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-0761-4109072, E mail-navbharatjabalpur@gmail.com पो.रजि.नं.201-04/2003 RNI Reg No.1537/57